तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 29 सितंबर 2025



13 देवगांव में विराज रही हैं माता काली दर्शन के...






14 प्राकृतिक आपदा के चलते कथा हुई स्थगित विधायक सहित...






## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

*एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।*
*लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।*
*वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।*
*वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।*

विडंबना : 36 गांवों के ग्रामीण बाढ़ में झेलते हैं परेशानी

# चिखली में तीन साल बाद भी 3 करोड़ का पुल निर्माण अधूरा





हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 3 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन पुल का कार्य तीन वर्षों बाद भी पूरा नहीं हो पाया है, जिसके कारण बारिश के इन दिनों में लगभग 36 ग्रामों के हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मैनपुर विकासखंड की चिखली ग्राम पंचायत में बन रहे इस पुल का निर्माण कार्य धीमी कार्यप्रणाली के चलते तीन वर्षों से लंबित है। ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा हो, इसके लिए यह पुल निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था, लेकिन अब यह ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। ग्रामीण हुलास साहू, भवरसिंह, जगन्नाथ, रामेश्वर मांझी, दीनाचंद मांझी सहित अन्य ने बताया कि लंबी मांग के बाद यह कार्य शुरू हुआ था, जिससे ग्रामीण खुश थे। उन्हें उम्मीद थी कि अब नदी-नालों में बाढ़ के पानी से राहत मिलेगी, लेकिन तीन वर्षों बाद भी पुल अधूरा होने से उनमें भारी नाराजगी है। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी में बाढ़ के पानी को पार कर रहे हैं।

**छात्रों को सबसे अधिक खतरा-** इस क्षेत्र में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए यह अधूरा पुल सबसे बड़ी समस्या बन गया है। छात्र माधूरी, पायल, अनीता, भावना, इन्दु, अंजेश्वरी, संध्या, क्षमा, उत्तम, पिंकू, राजू डगेश्वर, अमर सिन्हा ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि उन्हें नदी-नालों को पार करके आना-जाना पड़ रहा है, जिससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

**प्रशासन से तत्काल कार्य शुरू करने की मांग-** ग्रामीणों और राहगीरों ने गरियाबंद जिला कलेक्टर से मांग की है कि पुल निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए, ताकि उनकी समस्या का समाधान हो सके।

### भुगतान में विलंब के चलते रुका काम



इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपालन अभियंता अभिषेक पाटकर ने बताया कि पुल निर्माण कार्य भुगतान में विलम्ब के चलते रुक गया था। अब जल्द ही फिर से पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। बहरहाल, देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग चिखली के इस महत्वपूर्ण पुल का निर्माण कार्य कितने दिनों में पूरा कर पाता है और 36 गांवों के हजारों ग्रामीणों को कब राहत मिल पाती है।

# विद्युत संविदा कर्मचारी 1 और 2 अक्टूबर को करेंगे काम बंद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ और कंपनी कार्यपालक निदेशक के मध्य द्विपक्षी वार्ता असफल होने से 1 एवं 2 अक्टूबर को काम बंद करेंगे। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि अपने चार सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन में अग्रसर है। पहला चरण 19 सितंबर से शुरू किया गया जिसके बाद कंपनी ने संगठन के पदाधिकारियों को द्विपक्षी वार्ता के लिए 22 सितंबर को आमंत्रित किया था जिसमें कंपनी के कार्यपालक निदेशक और संघ के लोग बैठे। चार सूत्री मांगों पर चर्चा हुआ। इस पर कोई फै सला नही हो पाया। लिहाजा 1 एवं 2 अक्टूबर को सामूहिक अवकाश ली जाएगी।

**बिना परिणाम का बैठक, आश्वासन से त्रस्त हैं संविदा कर्मचारी -** छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ संविदा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सदा तत्पर रहा है। पॉवर कम्पनी में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए सतत प्रयासरत है। संघ ने औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए प्रबंधन के साथ लगातार पत्राचार एवं द्विपक्षीय वार्ता कर हल निकालने का कोशिश किया किंतु संघ के मांगों पर ठोस एवं लिखित आश्वासन देने के बावजूद भी कम्पनी प्रबंधन ने उचित क्रियान्वयन नहीं किया। पॉवर कम्पनी के उदासीनता से संविदा कर्मचारियों में निराशा के भाव हैं' जिस कारण आश्वासनों से त्रस्त होकर संविदा कर्मचारी आंदोलन को जारी रखने के लिए विवश हो गए हैं।

**बढ़ते दुर्घटना, न्यूनतम वेतन से असुरक्षित हैं संविदा कर्मचारी-** बिजली कंपनी में लाइन का कार्य करना अत्यंत ही जोखिम पूर्ण कार्य होता है। लगातर बढ़ते लाइन, कर्मचारी की कमी में सतत विद्युत आपूर्ति बनाए रखने, दबाव पूर्ण कार्य प्रकृति एवं विद्युत लाइन के जाल से उलझा वितरण कम्पनी में विद्युत दुर्घटना का सर्वाधिक शिकार संविदा कर्मचारी हो रहे हैं। अभी तक 40 संविदा कर्मियों का निधन हो चुका है इसके बावजूद सिर्फ नियमितीकरण की आस लिए हुए संविदा कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग हो कर पूर्ण तन्मयता से अत्यंत अल्प वेतन में अपना कार्य कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### मछली के जाल में 5 फीट का अजगर फंसा



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के देवभोग विकासखण्ड के ग्राम बरबहली में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया जब मछली पकड़ने के लिए तालाब किनारे खेत में जाल लगया गया था लेकिन जब मछली लेने पहुंचे तो सामने देखकर होश उड़ गया क्योकि मछली के जगह जाल में 5 फिट के अजगर फंसा था इसकी जानकारी लगते ही भीड़ लग गई और तत्काल खबर वनविभाग को दिया गया फिर अजगर को सुरक्षित पकड़कर छोड़ा।

# चंपारण में सजा प्रदेश के 36 देवियों का दिव्य दरबार





हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

पंचकोशी धाम के चंपेश्वर महादेव की नगरी चंपारण में श्री आदर्श दुर्गा उत्सव मंडली द्वारा 36 देवियों का दिव्य दरबार सजाया गया है जो देखते ही बन रहा है। देवी मां के भक्त दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में रोज पहुंच रहे है। इस इलाके के लिए ऐसा पहला देवी मां का दरबार है जो श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है। यह दृश्य इतना मनोरम है कि देखने वाले श्रद्धालु भक्तिभाव से अभिभूत हो जाते हैं। समिति के सदस्य ओमप्रकाश साहू ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग नवरात्रि के दिनों में दूर-दराज के प्रसिद्ध मंदिरों तक नहीं पहुंच पाते लिहाजा हमने सभी 36 देवियों का दर्शन एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाए ऐसा सोचकर दरबार सजाया है। सदस्य उमेश ने बताया कि माता के इस दिव्य दरबार को देखने के लिए हजारों श्रद्धालु न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि विभिन्न जिलों से भी लोग पहुंच रहे हैं। भक्तों की भारी भीड़ देखकर हमें अपार प्रसन्नता हो रही है। आयोजक समिति के ओमप्रकाश, हेमलाल, बसंत गुरुजी, टोमन, उमेश, मिथिलेश, कुंजलाल, भागवत, चुम्मन, गुलशन, पोशु ,खूबलाल, विजय, यशवंत जैसे नवयुवकों ने दिव्य दरबार को सजाने में दिन और रात एक किया है।

कुम्हारों को सता रहा आर्थिक संकट

# फीकी पड़ी परंपरागत दीयों की चमक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

परंपरागत मिट्टी के दीये इस बार भी दीपावली में पीछे छूटते नजर आ रहे हैं। कुम्हारों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में टेराकोटा और इलेक्ट्रिक दीयों की मांग तेजी से बढ़ी है। इससे परंपरागत दीयों की बिक्री और निर्माण में भारी गिरावट आई है।नवरात्रि की शुरुआत के साथ ही बाजारों में दीयों की दुकानें तो सज गई हैं, लेकिन मिट्टी के दीयों की पूछ-परख शुरू नहीं हुई है। परंपरागत संस्थानों में दीये भले पहुंच चुके हैं, लेकिन खरीदार नदारद हैं। कई विक्रेता संस्थानों से इस बार ऑर्डर भी नहीं आए हैं, जिससे उनकी निराशा और गहरी हो गई है। चिंता की बात ये भी है कि अब मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हारों की संख्या भी घटती जा रही है। कई कुम्हार अब या तो पेशा बदल चुके हैं या अन्य प्रकार के उत्पाद बना रहे हैं। दूसरी ओर, बाजार में टेराकोटा दीये, इलेक्ट्रिक दीये और झालरों की मांग लगातार बढ़ रही है। थोक विक्रेताओं ने इन उत्पादों की बड़ी मात्रा में खरीदी पहले ही कर ली । नवरात्रि के बाद इन सामग्रियों की बाजार में धमाकेदार एंट्री होगी। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इनकी बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। कीमतें पिछले साल जैसी ही हैं और खरीफ फसल की आमद के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी मांग की संभावना है। दीपावली जैसे बड़े पर्व में मिट्टी के दीयों की चमक फीकी पड़ती जा रही है। कुम्हारों के लिए यह न केवल आर्थिक संकट है, बल्कि परंपरा के टूटने का दर्द भी साथ लाता है।

### 150 से 200 रुपए सैकड़े पर दीए बनाए



कुम्हारों ने इस बार 150 से 200 रुपए प्रति सैकड़ा की दर से दीये तो बनाए हैं, लेकिन खरीदी में कोई खास उत्साह नहीं है। यही हाल धूपदान का भी है, जिसकी कीमत 25 से 50 रुपए के बीच स्थिर है, लेकिन बिक्री बेहद कम है। कुम्हारों की मानें तो मिट्टी के दीयों की परंपरागत खरीदी का रुझान लगातार घट रहा है। इस कारण वे हताश हैं और उन्होंने इस साल अपेक्षा से कम दीये बनाए है।




## खबर संक्षेप



### किसानों की हितैषी है भाजपा सरकार : महेश

**राजिम।** शनिवार को जेंजरा सोसायटी में आयोजित आम सभा का शुभारंभ भारत माता की पूजा अर्चना कर अध्यक्ष महेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। यह सरकार किसानो की हितैषी सरकार है। वादा के अनुसार 31 सौ रूपए क्विंटल में खरीदकर किसानो का सम्मान किया। कहा कि देश में मोदी की गारंटी और प्रदेश में विष्णुदेव साय का सुशासन की सरकार चल रही है जो निरंतर प्रदेश को विकास के पथ पर आगे लेजा रही है। यह सरकार किसानो की धान खरीदने के लिए अभी से तैयारी में जुट गई है। सीएम का साफ निर्देश है कि धान बेचने में किसानो को किसी भी प्रकार से कोई परेशानी नही होना चाहिए। आम सभा में ग्राम के उपसरपंच प्रमोद साहू,भुवन लाल साहू,किसान जालम साहू, झंगुराम साहू, गोवर्धन साहू,सोमनाथ साहू, राजेंद्र साहू, मितेंद्र कुमार, रामेश्वर साहू, ललित साहू, विदेश साहू,हरख साहू,तिलक कंवर, ईश्वरी साहू,सोमेश्वर साहू,साकेत साहू,डिगेश साहू, रूपराम साहू,मलेश साहू तथा प्रभारी प्रबंधक गिरजाशंकर,ऑपरेटर केशव साहू,प्रीतराम वर्मा,पारस वर्मा ,चुम्मन साहू, मनीराम कंवर मौजूद थे।

### रणजी ट्रॉफी में महासमुंद के शशांक का चयन

**महासमुंद।** स्थानीय प्रतिभाशाली क्रिकेटर शशांक चंद्राकर का चयन आगामी रणजी ट्रॉफी प्रतियोगिता हेतु किया गया है। शशांक की इस उपलब्धि ने न केवल जिले का मान बढ़ाया है, बल्कि खेल जगत में महासमुंद की पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। शशांक ने निरंतर कठिन परिश्रम, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल आज उन्हें रणजी ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में मिला है। यह चयन आने वाली पीढ़ी के उभरते खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा कि यदि संकल्प और अनुशासन के साथ प्रयास किया जाए तो सफलता निश्चित है। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के सभी सदस्यों ने आशा व्यक्त की कि शशांक निकट भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे।

## निधन

### लखनलाल साहू

फिंगेश्वर। नगर के वार्ड नंबर 13 के प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत शिक्षक लखनलाल साहू (परसटटी ग्राम) वाले का शनिवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे कृषि विभाग में आरईओ तरूण कुमार साहू के पिता थे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ट नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, डॉ. चंद्रशेखर हरित, परमानंद यदु, अमृतलाल यदु, उत्तम राजवंशी, जगदीशराम चिंताराम माखन लाल कमलेश कश्यप आदि उपस्थित थे।



# कलेक्टर उईके ने मैनपुर में की आदि कर्म योगी अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के कलेक्टर बीएस उईके ने रविवार को जनपद पंचायत कार्यालय मैनपुर पहुंचकर भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत चल रही गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने इस अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों की ऑनलाइन प्रविष्टियों के सटीक और समय पर पूरा होने पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्री उईके ने पोर्टल पर की जा रही ऑनलाइन प्रविष्टियों का बारीकी से परीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अभियान के तहत किए गए कार्यों की सटीक और समय पर ऑनलाइन प्रविष्टि सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक सुचारु रूप से पहुंच सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक गतिविधि की एंट्री निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाए, ताकि शासन स्तर पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध हो सके। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो और इसका नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया जाए।

## ऑनलाइन एंट्री में पारदर्शिता और गुणवत्ता पर जोर



### अभियान का मुख्य उद्देश्य और गुणवत्ता पर ध्यान

कलेक्टर श्री उईके ने अभियान से जुड़े जनजागरूकता, प्रशिक्षण, लाभ वितरण और हितग्राही संपर्क कार्यक्रमों की समीक्षा भी की। उन्होंने दोहराया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जनजातीय अंचलों में आजीविका संवर्धन, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और प्रत्येक प्रविष्टि वास्तविक स्थल निरीक्षण एवं प्रमाण के आधार पर ही दर्ज करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इस निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने कलेक्टर को अभियान की प्रगति से अवगत कराया और आश्वस्त किया कि सभी प्रविष्टियाँ समय पर दर्ज कर दी जाएंगी। इस अवसर पर एसडीएम मैनपुर तुलसीदास मरकाम, जनपद सीईओ मैनपुर श्वेता वर्मा, पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार ध्रुर्वा, लिबास पटेल सहित अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## विरोध : कौन्दकेरा सहकारी समिति की आम सभा में हुआ हंगामा

# 57.4 लाख रुपए के कर्ज व घोटाले के आरोपी को मंच देने पर भड़के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

हमेशा सुर्खियों में रहने वाली सहकारी समिति मर्यादित पं. क्रमांक 877 कौन्दकेरा में शनिवार को आयोजित वार्षिक साधारण आम सभा हंगामेदार रही। इस बैठक में किसानों को जब समिति के 57.4 लाख के कर्ज में होने की जानकारी मिली, तो वे भड़क उठे। किसानों का गुस्सा तब और बढ़ गया जब 2.59 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के आरोपी पूर्व अध्यक्ष को मंच पर सम्मान दिया गया।

कोपरा ब्रांच मैनेजर नीलकमल साहू, सुपरवाइजर प्रभाशंकर साहू और प्रभारी प्रबंधक तेजराम यादव की उपस्थिति में आयोजित इस आम सभा में, अंशधारी किसानों के सामने पवन कुमार महिलांगे ने वित्तीय पत्रकों का वाचन किया और वार्षिक वित्तीय स्थिति 2024-25 की जानकारी दी। जब किसानों को बताया गया कि समिति इस वर्ष 57.4 लाख रुपए के कर्ज में चल रही है, तो किसानों में भारी नाराजगी फैल गई। किसानों का कहना है की जिले के सबसे बड़े राजस्व ग्राम होने के कारण यहां सबसे अधिक किसान धान और खाद-बीज लेते हैं। समिति में शासन से मिलने वाला लाभ भी लाखों रुपए में आता है, फिर भी समिति कर्ज में है। सुपरवाइजर प्रभा शंकर मिश्रा ने किसानों को खाद-बीज, कृषि उपकरण और क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी दी।

**10 साल पुराना घोटाला बना कर्ज की वजह-** समिति के कर्ज में होने की मुख्य वजह दस वर्ष पहले सामने आया 2.59 करोड़ (दो करोड़ उनसठ लाख रुपये) का बैंक घोटाला है। इस घोटाले में तत्कालीन प्रबंधक, अध्यक्ष समेत कई लोगों को जेल जाना पड़ा था, और यह मामला अब भी न्यायालय में लंबित है। किसानों को बताया गया कि हालाँकि सहकारी समिति कौन्दकेरा में प्रतिवर्ष धान खरीदी और खाद-बीज से लगभग 20 लाख रूपए की आय होती है, लेकिन घोटाले के चलते सभी पैसा ब्याज पर कट जाता है, जिससे समिति को प्रति वर्ष लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है।






### घोटाले के आरोपी को मंच देने पर फूटा गुस्सा

आमसभा का आय-व्यय सुचारू रूप से चल रहा था कि इसी बीच पूर्व अध्यक्ष फुलजी साहू के सभा में पहुँचने पर उन्हें मंच पर बैठने के लिए बुलाया गया। इस घटना से किसान भड़क गए। किसान जनक राम साहू, कृष्णा साहू, चुम्मन साहू, भुवन साहू सहित उपस्थित किसानों ने विरोध जताते हुए कहा कि जिसके ऊपर बैंक घोटाले का आरोप लगा है, उसे ही जिम्मेदारों द्वारा सम्मान दिया जा रहा है। ऐसे ही चलता रहा तो समिति का कोई उद्धार नहीं हो पाएगा। इस मौके पर मोहर साहू, दूजलाल साहू, आनंदी साहू, रोहित साहू, चिमन साहू, मोती लाल साहू, मोहन साहू, संतराम साहू सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कोपरा में नवरात्रि की धूम, भव्य पंडालों और जसगीतों से भक्तिमय हुआ माहौल













हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

नगर में इस वर्ष भी नवरात्रि का पर्व बड़े उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जा रहा है। माता दुर्गा के उपासक दिन-रात भजन, कीर्तन और पूजा-अर्चना में लीन हैं, जिससे पूरे नगर का माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना हुआ है। नगर की विभिन्न दुर्गा उत्सव समितियों ने श्रद्धालुओं के लिए आकर्षक पंडाल और भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की है, जो विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शाम को आयोजित भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। माता की झलक पाने के लिए ग्रामीण और शहरी अंचल से भक्तजन पंडालों में पहुंच रहे हैं। इन समितियों के पदाधिकारी और युवा कार्यकर्ता माता की सेवा में लगातार जुटे हुए हैं। कोपरा में नवरात्रि की यह भक्ति-भावना सामाजिक एकता और सामूहिक उत्सव का प्रतीक बन गई है।



## जय मां महामाया सेवा परिवार की जय सगीत सेवा से भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। मनोकामना ज्योति कलश में हो रही वृद्धि, लोगों के बढ़ते आस्था को प्रदर्शित कर रहा है। माता की स्तुति में छत्तीसगढ़ ही नहीं विदेशों से भी भक्तगण दीप जला रहे हैं। प्रतिवर्ष की भांति ही जय मां महामाया सेवा परिवार छुरा शक्ति की भक्ति में लीन है। देवी मंदिरों और घरों में विराजित जग ज्योति ज्वारा स्थलों में माता सेवा की सुंदर प्रस्तुति दे रहे हैं। समिति के कोषाध्यक्ष राहुल नामदेव ने बताया कि अंचल के प्रख्यात जशगीत गायक केआर सिन्हा को आदर्श मानते हैं। हम लोग सुमिरन से लेकर नवरात्रि के प्रत्येक दिवस गाए जाने वाले भजनों के माध्यम से माता का यशगान करते हैं। पारंपरिक और आधुनिक तर्ज पर हिंगलाज भवानी के प्राकट्य, हनुमान जन्मकथा, नंदी जन्म, श्रृंगार, सती कथा, राम रावण युद्ध, महिषासुर मर्दन, रक्तबीज वध, शुंभ निशुंभ वध, कंकालीन माता की गाथा आदि पर सेवा गीत गाते हैं। मुख्य गायक शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा, कोरस राहुल नामदेव, सुखराम पहाड़िया, जितेंद्र पाटकर, नीलकमल वैष्णव, पार्थ राव पांडरे, मयंक, डिगेश्वरी गोस्वामी, नाल में लुकेश ध्रुव, प्रवीण सिन्हा, मोहन ध्रुव, गोकुल, भोजराज ध्रुव, मांदर में सागर ध्रुव, नरेन्द्र, सुमित, समीर प्रतिदिन माता की आराधना में डूबे हुए हैं। बाल कलाकार के रूप में गुंजन सिन्हा, योगिता सिन्हा अपने दादा के सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ा रहीं हैं और प्रतिदिन देर रात्रि तक भजन गायन में लगी रहती हैं।

## धनेंद्र साहू ने मां शीतला देवी मंदिर में की मंगल कामना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठतम कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू रविवार को नवापारा पहुँचे। उन्होंने यहाँ माँ शीतला देवी मंदिर जाकर नवापारा शहर सहित समूचे क्षेत्र की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना की और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, मंगराज सोनकर, रामकुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन और देवी माँ के भक्त शामिल रहे।

## रजन कटा व पांडुका में नवरात्रि का उत्साह शीतला मंदिर में प्रज्ज्वलित हुईं 43 ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

क्वार नवरात्रि पर्व का उत्साह छुरा क्षेत्र के गांव-गांव में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ देखने को मिल रहा है। ग्राम रजन कटा, पांडुका और आसपास के क्षेत्रों में माता नवदुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित कर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। ग्राम रजन कटा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता जी की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इस पूजा-अर्चना और पूरे आयोजन की जिम्मेदारी गांव के प्रतिष्ठित नागरिक टीकम चंद साहू एवं उनके परिवार द्वारा निभाई जा रही है। यह परिवार वर्षों से निरंतर माता की सेवा एवं आराधना में सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। गांव के श्रद्धालु प्रतिदिन प्रातः एवं सायं कालीन आरती, भजन-कीर्तन, देवी कथा श्रवण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होकर माता रानी के जयकारों से पूरे माहौल को ऊर्जावान बना रहे हैं।

### शीतला मंदिर प्रांगण में 43 ज्योत-जवारा का आयोजन

इसी प्रकार, शीतला मंदिर प्रांगण में भी भक्तों की आस्था और उल्लास देखने को मिल रहा है। यहां विशेष रूप से जोत-जवारा का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार 43 मनोकामना ज्योतियां प्रज्वलित की गई हैं, जिसमें न केवल नगरवासी बल्कि आस-पास के ग्रामों से आए श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी आस्था अर्पित कर रहे हैं। मनोकामना पूर्ति हेतु ज्योत प्रज्वलित करने वाले भक्त निरंतर नौ दिनों तक माता की भक्ति में लीन रहकर सेवा कर रहे हैं। इस दौरान मंदिर प्रांगण में सामूहिक आरती, माता की चौकी सजाना, दुर्गा सप्तशती का पाठ और भजन संध्या जैसे धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं।



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भागीदारी

नवरात्रि पर्व के अवसर पर ग्रामीणों में अद्भुत उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालु उपवास, व्रत, पूजा-पाठ के साथ-साथ गरबा, डांडिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भी भाग ले रहे हैं। पूरे क्षेत्र में भक्तिभाव और धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है, जिससे नवरात्र महापर्व की पवित्रता और भी बढ़ गई है।

## कनसिघी और पीपरछेडी में स्वच्छ उत्सव सेवा पखवाड़ा का

# स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि संस्कार है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत कनसिघी और शक्ति केंद्र पीपरछेडी कला में महामंत्री नारायण सिन्हा और ईश्वर वर्मा के नेतृत्व में स्वच्छ उत्सव सेवा पखवाड़ा का आयोजन हुआ। जिसमें कनसिघी के आंगनबाड़ी, कांजी हाउस, ग्राम पंचायत, एवं सड़क किनारे जन्य मोड़ के पास झाड़ियों की साफ-सफाई एवं पानी निकासी का रास्ता बनाकर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों और महिलाओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया और गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। साथ ही स्वच्छता हेतु सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया गया। इस मौके पर पंचायत जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों से मिलकर गांव को प्लास्टिक और खुले में शौच मुक्त करने का भी संकल्प लिया। इस दौरान जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, मिलन्तीन कुंजाम ने स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया और ग्रामीणों से कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का धर्म है। जिस तरह हम अपने घर को साफ रखते हैं,उसी तरह गांव को सफाई भी हम सबका कर्तव्य है। इसी कड़ी में शक्ति केंद्र पीपरछेडी कला में सेवा पखवाड़ा के आयोजन में महामंत्री ईश्वर वर्मा ने कहा यह केवल बीमारी से बचाव नहीं, बल्कि आने वाले पीढ़ियों के लिए संस्कार और आदत है। सुरेन्द्र ठाकुर, कुशल ध्रुव, रोहित जगत ने कहा प्रधानमंत्री द्वारा चलाया गया स्वच्छ भारत अभियान तभी सफल होगा,जब हर नागरिक इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएगा। हम सब मिलकर संकल्प लें कि कनसिघी ही नहीं पूरे क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाएंगे। इस अवसर पर उपसरपंच घनश्याम चन्द्राकार, लिकेश ठाकुर, राजेश कुंजाम,राखी कहार, पार्वती ध्रुव,दशरी, मनीषा, शिवरात्री, प्रेमलता, कुंती, प्रेम बाई,टिकेश्वरी सहित भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।






## मां जटियाई मंदिर में 325 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा


गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर ग्राम जटियातोरा स्थित मां जटियाई मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। इस वर्ष जय मां जटियाई समिति के तत्वावधान में विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ कुल 325 मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सन 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के बाद से यानी लगभग 25 वर्षों से मां जटियाई के नाम से मनोकामना ज्योति कलश की परंपरा लगातार निभाई जा रही है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि यहाँ सच्चे मन से की गई मनोकामना को माँ जटियाई अवश्य पूर्ण करती हैं, जिसके कारण प्रति वर्ष नवरात्रि पर्व पर भारी संख्या में भक्त यहाँ पहुँचते हैं।






**पंचमी और अष्टमी पर विशेष आयोजन-** नवरात्रि के दौरान माँ जटियाई मंदिर में पंचमी एवं अष्टमी तिथि पर विशेष भंडारा और प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र सहित दूर-दराज़ से आए श्रद्धालु सम्मिलित होकर माता की कृपा का लाभ उठाते हैं। एक विशेष पहल के तहत, पिछले वर्ष से जनपद सदस्य नारायण सिन्हा द्वारा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नाम से भी ज्योति प्रज्वलित की जा रही है, ताकि उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की जा सके।

**भक्ति और आस्था का माहौल-** नवरात्रि के दिनों में मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। भक्तगण माता के दरबार में नारियल, चुनरी, दीपक और प्रसाद अर्पित कर अपनी मनोकामनाएँ रखते हैं। मंदिर परिसर में भव्य सजावट, भक्ति गीतों की ध्वनि और माता के जयकारों से वातावरण पूर्णतः धार्मिक और पावन हो उठता है। लगातार बढ़ती श्रद्धा और विश्वास के कारण माँ जटियाई धाम अब न केवल छुरा और आसपास के गाँवों का आस्था केंद्र बना हुआ है, बल्कि आज प्रदेश के विभिन्न जिलों से भी श्रद्धालु यहाँ पहुँचकर माँ की कृपा प्राप्त कर रहे हैं।



## नवरात्रि का उत्साह चरम पर, कल मंदिरों व पंडालों में होगा अष्टमी हवन












**राजिम।** क्वांर नवरात्रि का उत्साह इस बार राजिम शहर सहित गांव–गांव में छलक आया है। देवी मां के भक्तो में बहुत ही श्रद्धा भक्ति के भाव देखे जा रहे है। विशेषकर मातृशक्तियों, युवतियों और युवाओ में व्रत ,उपवास को लेकर काफी संजीदगी देखी जा रही है। पूरे 9 दिनो तक व्रत रखने वाले भी इस बार बहुतायत संख्या में है जो 9 दिनो का उपवास नही रख पाते है वे प्रथम दिन एकम,पंचमी व अष्टमी का उपवास रखते है। कल 30 सितंबर मंगलवार को अष्टमी का हवन देवी मां के मंदिरो सहित हरेक पंडालो में होने जा रहा है। हवन में बहुत श्रद्धा के साथ ग्रामीण बैठेंगे। शहर के बस स्टेण्ड,गायत्री मंदिर चौक ,डोभापारा, सर्वोदय दुर्गा उत्सव समिति पटेल पारा, पथर्रा में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति व राजिम तहसील के ग्राम श्यामनगर बस स्टेण्ड में बहुत ही भव्य पंडाल बनाकर यहां युवा वर्ग मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किए है जहां शाम की आरती में सभी युवा बहुत ही श्रद्धा के साथ शामिल होते है। इसी तरह भेण्डरी के गौरा–गौरी चौक में नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां की प्रतिमा रखी गई है। ग्राम लोहरसी में बजरंग चौक,टिकरापारा,शांति चौक, भवानी चौक, शीतला पारा, बस स्टेण्ड, सरस्वती चौक, श्रीराम जानकी नव दुर्गा युवा समिति मंगल बजार सहित गांव के शीतला मंदिर में बहुत ही धूमधाम के साथ शाम की आरती में पूरे गांव के लोग पंडाल में पहुंचकर शामिल होते है।

### खबर संक्षेप



### देवगांव में विराज रही हैं माता काली दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तों की भीड़

**छुईहा बेलर।** शारदीय नवरात्र पर्व पर ग्राम देवगांव में इस वर्ष भी माता काली की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। यह प्रतिमा इस क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बनी हुई है, क्योंकि यह इस क्षेत्र की एकमात्र काली माता की प्रतिमा है। माता काली की यह मूर्ति स्थापना ग्राम पंचायत चरभट्ठी के सरपंच डॉ. राजेन्द्र साहू के निज निवास पर की गई है। सबसे खास बात यह है कि डॉ. साहू के परिवार द्वारा यह परंपरा बीते 17 वर्षों से लगातार निभाई जा रही है। इस वर्ष भी जगतजननी मां जगदम्बा के काली स्वरूप की प्रतिमा एवं ज्योति कलश विधि-विधान से प्रतिष्ठित किए गए हैं।

#### भक्ति और श्रद्धा का केंद्र

प्रतिदिन श्रद्धालु आरती, चालीसा एवं जस-गीत सेवा के माध्यम से माता रानी की आराधना कर रहे हैं। भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने हेतु स्थापित किए गए ज्योति कलश के दर्शन करने के लिए ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग देवगांव पहुंच रहे हैं। डॉ. राजेन्द्र साहू के निवास पर आयोजित यह धार्मिक आयोजन न केवल परिवार की आस्था का प्रतीक है, बल्कि पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बन चुका है।

**पर्व : निश्चित रूप से, यहां दी गई जानकारी के आधार पर एक समाचार रिपोर्ट है**

# पटेवा में जसगीत की धूम, मां कंकालिन मंदिर में प्रज्ज्वलित हुई 322 ज्योति कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नवापारा-राजिम क्षेत्र के ग्राम पटेवा में भक्ति और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। यहाँ के प्रमुख मंदिरों में कुल 322 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित की गई हैं, जिससे पूरा मंदिर प्रांगण दिव्य आभा से आलोकित हो उठा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष और पूर्व सरपंच राजू पाल तथा सरपंच प्रतिनिधि यशवंत मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि मां कंकालिन मंदिर में 240 ज्योत, महामाया मंदिर में 5 ज्योत और सतबहिनी मंदिर में 77 ज्योत प्रज्वलित की गई हैं। इस तरह कुल 322 मनोकामना ज्योत की लौ से पटेवा का वातावरण भक्तिमय हो गया है। मंदिर के पुजारी शिवनाथ बैगा ने बताया कि माँ कंकालिन के दरबार में सच्चे मन से की गई प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती और माँ अपने भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं।

**भक्तों की उमड़ रही भीड़-** पटेवा में विभिन्न स्थानों पर माता रानी की मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जहाँ सुबह-शाम आरती-पूजन के साथ ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इस पर्व की रौनक को पुरुष सेवा समिति और महिला सेवा समिति के सदस्यों ने और बढ़ा दिया है। नाथूराम तारक, बसंत साहू, मोहन साहू, श्यामलाल साहू, तुकाराम साहू, भवरू पाल, दानीराम तारक, छन्नू तारक, मनेश साहू, गोधू यादव, यादराम साहू, दिगेश तारक, बुधियारीन तारक, पुनाई तारक, सीता पाल, गीतांजलि तारक, किरण तारक और हीरा पाल सहित अन्य सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे जस सेवा गीतों और देवी भजनों की गूंज से वातावरण भक्ति भावना से ओतप्रोत हो रहा है, जिसने पर्व की रौनकता में चार चांद लगा दिए हैं।





## पंचमी पर्व पर उमड़ा जनसैलाब, सोसायटी प्रांगण में जसगीत पर हुआ सांग नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर में पंचमी पर्व के अवसर पर दुर्गा पंडालों में माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पंडालों में अलग-अलग वेशभूषा में शोभायमान माँ दुर्गा की प्रतिमाओं ने भक्तों को साक्षात माता की शक्ति का अहसास कराया। ऐतिहासिक मौली माता मंदिर में भी दर्शनार्थियों का जनसैलाब उमड़ा। इसी कड़ी में, नव युवक दुर्गा उत्सव समिति, सोसाइटी प्रांगण में पंचमी के दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। रात में दुर्गा आरती के बाद जस गीत का शुभारंभ किया गया। आयोजन समिति द्वारा पंचमी पर्व पर माता की भक्ति में 'सांग नृत्य' का विशेष आयोजन किया गया था।




इस रोमांचक नृत्य में युवकों ने बड़ी-बड़ी सलाखों को सरलता से अपने गालों में आर-पार करके नृत्य किया। आयोजन समिति के अनुसार, आज 29 सितंबर को अष्टमी पर्व पर यज्ञ, हवन और पूजन के साथ पूर्णाहूति होगी, जिसके साथ नवरात्रि पर्व का समापन होगा।

## माता को चढ़ाया श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-भेण्डरी

भेण्डरी के शीतला माता मंदिर में 256 मनोकामनाएं ज्योति प्रज्ज्वलित है। ग्राम बुड़ेनी के शीतला माता मंदिर 71 मनोकामनाएं ज्योति प्रज्ज्वलित है। भक्तों की भीड़ लग रही है। भक्तजन पंचमी में श्रृंगार सामग्री माता के चरणो में चढ़ाया। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, बुड़ेनी के सरपंच खेमू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण संध्या आरती में शामिल हो रहे है।

## डोंगीतराई में अखंड रामनाम सप्ताह रामधुनी प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

ग्राम डोंगीतराई में ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय अखंड रामनाम सप्ताह रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 21 रामधुनी मंडलियो ने अपनी प्रस्तुति दी 6 झांकी मंडली 7 गायन मंडली और 8 ग्रामीण मंडलियो ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित गोविन्द तिवारी महराज के मंत्रोच्चार से हुआ। मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर, रामधुनी प्रतियोगिता में गायन में प्रथम, नव जागृति लोक कला रामधुनी मंडली सेमरा भखारा, द्वितीय जय छत्तीसगढ़ रामधुनी



मंडली गुदगुदा, तृतीय जय भोले रामधुनी मंडली ढोकला चारामा, झांकी पक्ष में प्रथम जय मां शीतला रामधुनी मंडली परसाही बालोद, द्वितीय संगी जहुरिया रामधुनी मंडली छिपली मगरलोड, तृतीय जय मां सरस्वती रामधुनी व फाग परिवार माटरा खुज्जी राजनांदगांव रहा। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कुंती साहू, तीजिया तारिणी साहू,सरपंच कुमारू साहू, गोपीचंद साहू, पूर्व सरपंच बेदबाई-जीवनलाल साहू, पूर्व सरपंच चित्तलाल साहू, पुनाराम साहू अध्यक्ष नव ज्योति मानस मंडली, घनश्याम साहू, उमेंद्र निर्मलकर, कस्तुरचंद साहू, अशोक साहू, लालजी साहू, रुपचंद साहू, टिकेन्द निर्मलकर, समयलाल साहू, डायमंड साहू पंच, गनेश्वर साहू पंच, होमेंद साहू, दिनेश साहू, भुपेश कुमार साहू पंच, देवकुमार निर्मलकर पंच, बैसूराम साहू, लखनलाल साहू, खुबचंद साहू का शानदार सहयोग रहा। संचालन नकुल निषाद ने किया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पीपरछेड़ी हाट बाजार में वोट चोरी रोकने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ

**गरियाबंद।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष मोहम्मद हाफिज खान के नेतृत्व में रविवार को पिपरछेड़ी हाट बाजार में "वोट चोरी रोकने हस्ताक्षर अभियान" की शुरुआत की गई। यह अभियान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य भारत निर्वाचन आयोग से यह मांग करना है कि मतदाता सूची मशीन रीडेबल और फोटो सहित सार्वजनिक जांच के लिए उपलब्ध कराई जाए। हर चुनाव से पहले जोड़ और विलोपन की सूचियों को तस्वीरों सहित प्रकाशित किया जाए। गलत तरीके से नाम हटाए जाने पर त्वरित शिकायत निवारण प्रणाली लागू की जाए। अंतिम समय पर नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हाफिज खान ने कहा कि मतदाता दमन में शामिल अधिकारियों और एजेंटों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इसी मकसद से यह हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। आने वाले दिनों में कार्यकर्ता सभी बूथों पर जाकर मतदाताओं से हस्ताक्षर करवाएंगे और उन्हें वोट चोरी रोकने के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि अभियान में युवाओं की भागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि लोकतंत्र की रक्षा और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित किया जा सके।

### रोबोटिक्स कार्यशाला में खरोपा की छात्रों ने ट्रैफिक लाइट प्रोजेक्ट बनाया

**अभनपुर।** भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वावधान में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलाजी की ओर से 23 से 27 सितंबर तक पीएम श्री सेजेस खोरपा विद्यालय में में पांच दिवसीय रोबोटिक्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर डॉ ब्रजेश पटेल व उनके सहयोगी डॉ आकाश दीप कुशवाह,अमित राज वीआर ने विद्यार्थियों को रोबोटिक्स और कोडिंग से संबंधित जानकारी दी। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों को भविष्य की तकनीकों से परिचित कराना और उन्हें व्यावहारिक प्रयोगों के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित करना रहा। पहले दिन छात्रों ने प्रोग्रामिंग की मूल बातें सीखीं, दूसरे दिन उन्होंने सेंसर और हार्डवेयर की मदद से ट्रैफिक लाइट प्रोजेक्ट बनाया। तीसरे दिन बच्चों ने रोबोट तैयार किया, जो स्वचालित रूप से सामने आने वाली बाधाओं से बचने में सक्षमथा। चौथे दिन छात्रों ने लाइन फालोइंग, रोबोट तैयार किया,अंतिम दिन विद्यार्थियों ने ब्लूटूथ नियंत्रित रोबोट तैयार किया, जिसे मोबाइल फोन से संचालित किया गया। कार्यशाला के समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया । इस अवसर पर सरपंच मीना चम्मन धुरव,सासंद प्रतिनिधि अर्जुन धीवर,विधायक प्रतिनिधि कृष्णकांत नामदेव,प्रदीप साहू,राधेश्याम साहू,प्राचार्य सोमा बनिक,व्याख्याता पारूल अग्रवाल,श्रीमति लीना बिसेन सहित छात्र छात्राये उपस्थित रहे।

## आस्था : कथा को स्थगित किए जाने से भक्तों और आयोजकों में निराशा का माहौल

# प्राकृतिक आपदा के चलते कथा हुई स्थगित विधायक सहित जन प्रतिनिधि पहुंचे झरझरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

राजिम विधानसभा क्षेत्र के मुरमुरा गांव की पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध मां झरझरा मंदिर में नवरात्र के पावन पर्व पर आयोजित होने वाला नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत पुराण कार्यक्रम भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा के कारण स्थगित कर दिया गया है। कथा को स्थगित किए जाने से भक्तों और आयोजकों में निराशा का माहौल है, हालांकि मंदिर परिसर में झरना और जलधारा का अद्भुत सौंदर्य श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। नवरात्र के पहले दिन से ही शुरू हुई अविरल बारिश ने पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा दिया, जिससे नदी-नाले उफान पर आ गए। इसी प्राकृतिक आपदा के चलते झरझरा मंदिर में भी जलभराव की स्थिति बन गई। अमलीपदार निवासी पंडित युवराज पांडे द्वारा आयोजित इस भव्य कथा की तैयारियां जोर-शोर से पूरी हो चुकी थीं और सगे-संबंधियों सहित ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। आयोजक समिति के संरक्षक हेमंत सांग ने बताया कि दो माह से अधिक समय से चल रही तैयारियों को झटका लगा है।



**विधायक साहू ने सीसी रोड की घोषणा की**





**झरना का मनोरम दृश्य**

कार्यक्रम स्थगित होने के बावजूद, मंदिर परिसर में आस्था का माहौल बना हुआ है। इस समय 700 से अधिक दीप प्रज्वलित हो रहे हैं और बारिश के कारण झरना काफी सुंदर हो गया है। माता के गर्भगृह के पास मां गंगा की अविरल धारा बह रही है, जिसका मनोरम दृश्य भक्तों के मन को मोह रहा है। श्रद्धालु माता झरझरा को प्रत्यक्ष विराजमान मानकर क्षेत्र और भक्तों की रक्षा करने वाली मानते हैं। इस दौरान विधायक रोहित साहू के साथ पहुंचे अतिथियों, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, कथावाचक युवराज पांडे, आयोजक समिति के संरक्षक हेमंत सांग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### अगले नवरात्रि में होगा भव्य आयोजन

आयोजक समिति ने बताया कि भारी नुकसान और आपदा को देखते हुए कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने घोषणा की है कि आगामी नवरात्र में श्रीमद् देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन और भी भव्य और विकराल रूप में झरझरा मंदिर प्रांगण पर ही किया जाएगा। जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी और सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने भी भक्तों से आग्रह किया कि वे माता के दर्शन के लिए जरूर पहुँचें और कहा कि अगले नवरात्र में भव्य कथा का आयोजन होगा, जिसके लिए नौ दिनों तक विशाल भोजन प्रसादी भंडारा की व्यवस्था भी की जाएगी।

### बारिश में भक्तों के लिए छांव का काम कर रहा

आपदा की स्थिति में, राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू ने झरझरा मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने आयोजक समिति और कथा वाचक युवराज पांडे से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान विधायक साहू ने मुरमुरा गांव से झरझरा मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग को सीसी रोड बनाने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि 8 लाख रुपये की लागत से टीना सेट निर्माण झरझरा मंदिर प्रांगण पर किया गया है, जो बारिश में भक्तों के लिए छांव का काम कर रहा है।

# मन की बात के 126वें संस्करण का श्रवण, स्वदेशी अपनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गरियाबंद में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 126वें संस्करण का सामूहिक श्रवण किया गया। जिलेभर से भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और प्रधानमंत्री के उद्बोधन को उत्साहपूर्वक सुना।

कार्यक्रम के बाद उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि मन की बात देश को जोड़ने, समाज को नई दिशा देने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाने का माध्यम है। प्रधानमंत्री मोदी समाज के हर वर्ग की बातों को सामने लाते हैं और लोगों को राष्ट्र निर्माण की ओर प्रेरित करते हैं।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी वस्तुओं के अधिकतम उपयोग का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और उद्योगों को प्राथमिकता देंगे। स्वदेशी अपनाना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है।

जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद कार्यक्रम देश की संस्कृति, परंपरा, नवाचार और आमजन के कार्यों की झलक प्रस्तुत करता है। वहीं, जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा ने कहा कि मन की बात केवल प्रेरणादायी विचारों का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा का स्रोत है। हमें प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन को धरातल पर उतारना होगा और आत्मनिर्भर भारत अभियान को जनांदोलन बनाना होगा। अंत में कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से भारत माता की सेवा, स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का प्रण लिया। साथ ही जनता से अपील की गई कि वे स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता राधेश्याम सोनवानी, मिलेश्वरी साहू, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा, महामंत्री धनंजय नेताम, अमित वखरिया, ईतवारी राम देवांगन, अमर सिंह ठाकुर, नेमु सिन्हा, रितेश देवांगन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वदेशी अपनाने पर दिया जोर

# भाजपा फिंगेश्वर मंडल ने आयोजित की आत्मनिर्भर भारत संकल्प कार्यशाला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल फिंगेश्वर द्वारा जामगांव में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधा रोपण भी किया। मुख्य वक्ता और भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। उन्होंने नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफॉर्म को व्यापारियों और उद्यमियों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे कर प्रणाली सरल और पारदर्शी बनी है। श्री साहू ने कार्यकर्ताओं से दो महीने तक चलने वाले इस अभियान में पूर्ण तन्मयता से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे विद्यालयों की प्रार्थना सभाओं में जाकर बच्चों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाएं। दुकानों और बाजारों में स्वदेशी प्रचार-प्रसार रैलियां निकालें। महिला एवं युवा सभाओं का आयोजन करें। पेंटिंग और स्टिकर के माध्यम से लोगों को जागरूक करें और जन-जन को आत्मनिर्भर भारत का भागीदार बनाएं।

### महिलाओं के लिए नए अवसर

वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू ने आत्मनिर्भर भारत को राष्ट्र निर्माण का सशक्त संकल्प बताया और कार्यकर्ताओं से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को जीवन शैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढी ने कहा कि यह अभियान महिलाओं के लिए नए अवसर लेकर आया है, जिससे स्वरोजगार और महिला स्व-सहायता समूहों को मजबूती मिली है। मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित ने स्वागत भाषण में कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' को जीवन में उतारना ही आत्मनिर्भर भारत की सच्ची दिशा है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने से किसान, व्यापारी और युवा सभी को लाभ होगा, और कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर अभियान की जानकारी देने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री भुवन साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष मंजून साहू ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे, मंडल महामंत्री प्रेमलाल टोंडर, कार्यक्रम के संयोजक भागवत सिन्हा, अरुण सिन्हा, कोमल ढीढी, तुला राम साहू, जगदेव सिन्हा, सुखी दीवान, भुनेश्वर सिन्हा, शिवराम सिंहा, शंभू साहू, यशवंत साहू, हेमलाल डहरे, रेणुका डहरे, सरपंच गंगा राम साहू, देवलाल साहू, किरण कुमार साहू, नीरा साहू सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक रोहित ने किया नव कन्याओं का पूजन





**राजिम।** नवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को राजिम स्थित शासकीय अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू शामिल होकर नव कन्याओं का पूजन कर मां दुर्गा से छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ,उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति आकाश सिंह राजपूत ,भारत यादव, तुषार कदम, सुरेश पटेल, अजय पटेल, बलराम यादव, सोमनाथ पटेल, संजीव साहू ,बदल साहू उपस्थित थे।

# सुंदरकांड समिति ने 23 छात्रों की बोर्ड परीक्षा फीस जमा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री सालासार सुन्दरकांड जनकल्याण समिति द्वारा पीएमश्री शासकीय हरिहर उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 23 छात्रों के बोर्ड परीक्षा फीस जमा किया। इससे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चो को राहत मिला। इस नेक कार्य के लिए शाला विकास प्रबंधन समिति एवं प्राचार्य मैम ने समिति को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान व नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पर कार्यशाला

# जीएसटी सुधार से जनता को राहत, व्यापारियों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर 25 सितंबर को जिला भाजपा कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार पर कार्यशाला हुई। मुख्य वक्ता एवं राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल ने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाने का सपना देखा। उनका मानना था कि यदि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की जरूरतें पूरी होंगी, तभी सच्चे अर्थों में राष्ट्र का उत्थान संभव है। आज आत्मनिर्भर भारत का जो सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने रखा है, वह भी इन्हीं विचारों की प्रेरणा से आगे बढ़ रहा है। गांव, गरीब, किसान और श्रमिक का जीवन स्तर सुधारना ही राष्ट्र की मजबूती का आधार है।

### अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही

कार्यशाला के वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू ने नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार और आत्मनिर्भर भारत अभियान पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) सुधार भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर है। जीएसटी ने देश के कर ढाँचे को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाया है उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधार से व्यापारियों और उद्यमियों को जहाँ कर प्रणाली की जटिलताओं से मुक्ति मिली है, वहीं उपभोक्ताओं को भी वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में स्थिरता का लाभ प्राप्त हुआ है। इससे न केवल सरकार का राजस्व बढ़ा है, बल्कि कर चोरी पर भी प्रभावी अंकुश लगा है । भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है और इसमें कर-व्यवस्था की पारदर्शिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आने वाले जीएसटी सुधार न केवल व्यापारियों और उद्यमियों के लिए लाभकारी होंगे, बल्कि कर प्रणाली को अधिक सरल और जनता के अनुकूल बनाए है। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी सफल होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग इसमें सक्रिय भागीदारी करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन-दर्शन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके अंत्योदय और एकात्म मानववाद की विचारधारा को अपनाकर ही अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाई जा सकती है। आज हम सभी को यह



संकल्प लेना चाहिए कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में तन-मन-धन से योगदान देंगे।कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री आशीष शर्मा ने किया एव जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कवियों ने राष्ट्रभक्ति एवं अंत्योदय की भावना से ओतप्रोत कविताओं का काव्यपाठ कर वातावरण को प्रेरणामय बना दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, लालिमा ठाकुर,गुरुनारायण तिवारी, ईश्वर साहू, पद्दुलोचन जगत, सरिता ठाकुर, केशरी ध्रुव, सुरेंद्र सोनटेके, मनीष सिन्हा, सुरोति ध्रुवा, अजय रोहरा, राधेश्याम सोनवानी, बल्देव सिंह हूंदल, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, मंडल अध्यक्ष गण सुमीत पारख, धनराज विश्वकर्मा जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

